अमर उजाला 30-04-2025

# जीएमएन कॉलेज में डॉ. अतुल का सम्मान



जीएमएन कॉलेज में डॉ. अतुल यादव को सम्मानित करते प्राचार्य और अन्य। कॉलेज

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**अंबाला।** जीएमएन कॉलेज के इतिहास विभाग की ओर से एक दिवसीय संगोष्ठी के दौरान दिवंगत प्रोफेसर राम दत्त इतिहासविद् शिक्षक उत्कृष्टता पुरस्कार की शुरुआत की है।

यह पुरस्कार डॉ. रोहित दत्त की ओर से अपने पिता प्रो. राम दत्त, प्रतिष्ठित इतिहासकार और शिक्षाविद् की ओर से श्रद्धांजलि स्वरूप शुरू किया गया। वर्ष 2023-24 के लिए यह पुरस्कार राजकीय पीजी कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अतुल यादव को प्रदान किया गया। उन्होंने आधुनिक भारत के सामाजिक आंदोलनों और क्रांतिकारी विचारधाराओं पर अपने महत्वपूर्ण शोध कार्य, लेखों और व्याख्यानों के माध्यम से ऐतिहासिक समझ को सशक्त किया है। यह सम्मान उन्हें कॉलेज में आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी भगत सिंह क्रांतिकारी विरासत की पुनर्समीक्षा के उद्घाटन सत्र के दौरान प्रदान किया गया।

पुरस्कार कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त की ओर से भेंट किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कहा कि हमारा अतीत हमारे भविष्य की नींव है। यदि हम अपने इतिहास को नहीं समझते, तो आगे बढ़ना असंभव है।